## बोर्ड परीक्षा में दो घंटे से पहले नहीं ली जाएगी आंसर शीट

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड पहले ही विस्तृत गाइडलाइन जारी कर चुका है। एक नियम उत्तर पुस्तिका जमा करने को लेकर भी है। यदि कोई छात्र 2 घंटे बाद भी उत्तर पुस्तिका जमा करता है तो उससे प्रश्न पत्र भी ले लिया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गाइडलाइन में यह नियम दिया है। इसके पीछे नकल को रोकना है। अक्सर नकल माफिया के लोग परीक्षा केंद्र के बाहर रहते हैं। ऐसे में यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा देकर केंद्र से जल्दी बाहर जाता है, तो माफिया के लोग उसके प्रश्न पत्र को देखकर छात्रों को किसी तरह से नकल भेज सकते हैं।



इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए बोर्ड ने नियम ही बना दिया है कि किसी भी परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका दो घंटे से पहले जमा ही नहीं की जाएगी। दो घंटे के बाद भी उत्तरपुस्तिका तो जमा करा ली जाएगी, लेकिन साथ में प्रश्नपत्र भी ले लिया जाएगा। परीक्षा का समय पूरा होने के बाद छात्र अपने प्रश्नपत्र को ले सकता है।

यदि कोई छात्र नकल की पर्चियां परीक्षा केंद्र पर ले भी जाता है और वह कार्रवाई से बचने के लिए उन पर्चियों को फेंकना चाहता है तो इसके लिए भी परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था की गई है। यहां पर एक पेटी रखी जाएगी, जिसमें छात्र नकल पर्चियों को डाल सकता है। इस दौरान उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होगी। साथ ही केंद्र पर अनावश्यक सामान परीक्षा कक्षों के आसपास नहीं रहेगा। इससे उनका गलत उपयोग न हो सके।

पहले यदि परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका को भर देता था और उसे अतिरिक्त कॉपी मिल जाती थी। लेकिन अब बोर्ड ने पूरक उत्तरपुस्तिका को देना बंद कर दिया है।

पहले मुख्य उत्तरपुस्तिका 8 पेज की होती थी, अब इसे 12 पेज की कर दिया गया है। इसलिए पूरक कापी परीक्षार्थी को नहीं मिलेगी।

## भाई की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने भाई की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। संक्षेप मे मामला यह है कि फरियादी लवकुश विश्वकर्मा ने सूचना दी कि दिनांक 28/08/2023 को शाम करीब 7 बजे गई गाय लगाने की बात पर से बड़े भाई रामकृष्ण एवं मझले भाई नीलेश के बीच कहा सुनी हो जाने से बड़े भाई रामकृष्ण द्वारा भाई नीलेश को गाली गलौच करते हुए मुक्का थप्पड़ से मारपीट करने लगा और कुछ देर बाद पूजा वाले स्थान पर लगे लोहे के बाने (त्रिशूल) से जान से मारने का आशय रखते हुये भाई नीलेश के सीने में घोंप कर उसकी हत्या कर दी है।

सूचना पर आरक्षी केन्द्र साईखेड़ा द्वारा देहाती नालसी अपराध क्र. 00/23 अंतर्गत धारा 302 भादवि में पंजीबद्ध किया गया तथा अप्राकृतिक मृत्यु का पंजीकरण के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। जिसके आधार पर आरक्षी केंद्र सांईखेड़ा में अपराध क्रमाक 321 /2023 अंतर्गत धारा 302 भादवि में आरोपी रामकृष्ण विश्वकर्मा के विरुद्ध पंजीबद्ध की गयी। प्रकरण में आयी साक्ष्य के आधार पर चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी रामकृष्ण विश्वकर्मा को अपने भाई नीलेश विश्वकर्मा की हत्या करने को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया।

## शिवधाम डमरू घाटी न्यास के पंजीयन का आदेश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के उपबंधों एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन मे दिए गए आदेश दिनांक 08.09.23 के आलोक में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे ने आज दिनांक 19.02 2025 को आदेश पारित किया है की शिवधाम डमरू घाटी न्यास का पंजीयन किया जाए।



### अनुविभागी अधिकारी ने दिया आदेश

शिवधाम डमरू घाटी न्यास के पंजीयन के लिए लंबे समय से प्रकरण लंबित चल रहा था।समिति सदस्यों के अथक प्रयास एवं अच्छी भावनाओं शिव मंदिर का रखरखाव,निर्माण,खर्च आमदनी का लेखा-जोखा सहित अन्य गतिविधियां सही पाए जाने पर निर्णय समिति के पक्ष में रहा। जब इस संबंध में डमरू घाटी समिति अध्यक्ष हंसराज मालपानी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि लोकन्यास पंजीयक द्वारा डमरू घाटी न्यास के विधिवत पंजीयन का आदेश पारित किया गया है आगे उन्होंने कहा की स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से यह संभव हो पाया है हमारी पूरी समिति उनके प्रति आभार व्यक्त करती है। कोषाध्यक्ष जिनेश जैन ने बताया कि न्यास की प्रकृति धार्मिक एवं शैक्षणिक है न्यास का उद्देश्य महादेव की विधिवत पूजा अर्चना करना लोगों को धर्म की ओर प्रेरित करना है ।

इसी उद्देश्य के कारण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा यह उचित आदेश दिया गया है। डमरू घाटी समिति सचिव चंद्रकांत शर्मा उपाध्यक्ष डॉ उमाशंकर दुबे, रविशेखर जयसवाल,सहसचिव सुनील सोनी,केदार अग्रवाल, उपकोषाध्यक्ष कन्हैया लाल यादव,विधि सलाहकार आशीष दीक्षित ने भी दान दी भूमि स्वामियों स्वर्गीय मोहन लाल शर्मा परिवार,चंद्रकांत नगाइज परिवार, प्रकाश काबरा परिवार ,उमेश नीरस शक्ति सिंह परिहार परिवार एवं समस्त सहयोगियों के प्रति आभार जताया है।

## सार-समाचार

### ग्राम तूमड़ा में नव कुण्ड रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**गाडरवारा, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम तूमड़ा में आयोजित नव कुण्ड रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित रामगोपाल महाराज ने शिव महा पुराण कथा प्रवचन में भगवान शिव की लीलाओं,भक्ति और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम स्वामी रामदास त्यागी टाटम्बरी सरकार के सानिध्य में 27 फरवरी तक ग्राम तूमडा नौ कुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा। यज्ञशाला में एवं प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामवासी भी पहुंच रहे हैं।



### महिला महाविद्यालय में कार्यशाला

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में दिनांक 17 से 19 फरवरी 2025 को त्रि-दिवसीय महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय स्नातकोत्तर समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान की छात्राओं ने इस परीक्षा हेतु आवेदन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य कृष्णा शर्मा की मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत त्रि-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दीपक साहू एवं अभिलाषा साहू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें किशोर स्वास्थ्य, पोषण, महिला स्वास्थ्य पोषण, कम्प्यूटर, तार्किक अभियोग्यतां, सरल गणितीय योग्यता आदि विषयों का समायोजन करने हेतु महत्वपूर्ण उपयोगी जानकारी छात्राओं को दी गई।

### स्कूल में मनाई शिवाजी जयंती

**करेली, देशबन्धु।** सरस्वती इंग्लिश स्कूल बसखेड़ा में बाल कमेटी द्वारा वीर शिवाजी जयंती मनाई गई, प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता वरिष्ठ शिक्षक रोहित तिवारी व्दारा पुष्पांजलि अर्पित की गई, बाल कमेटी से लक्षिता, विभा, विधि, रिया, वेदिका, अल्पिया खानम व्दारा शिवाजी के जीवन चरित्र पर संबोधित किया. रेशमा ने कविता के माध्यम से शिवाजी वीर मराठा सब कहे, सुने शिवाजी नाम लोहा मुगलों से लिया, बहुत बढा ये काम, शमा बांधा, शिक्षिका रचना चौकसे ने शिवाजी के बालपन की शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला, शिक्षक रोहित तिवारी ने मातृभूमि के प्रति जीवन न्यौछावर करने वाले यौध्दा शिवाजी के जीवन पर विचार रखे. प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए बताया की हमें अपने गौरव शाली इतिहास का अध्ययन करना चाहिए, महापुरुषों के जीवन से सीखना चाहिए. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाआरती वर्मा निकिता कुर्मी राजश्री स्वामी सहित बालकमेटी अध्यक्ष टीना, पलक, कुनाल, कृष्णा, हर्षित का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव वंशिका पटेल ने किया. वंदेमातरम गायन उपरांत समापन हुआ।



### ग्वालियर विवि के कुलगुरु बने डॉ. राजकुमार आचार्य

**करेली, देशबन्धु।** 18 फरवरी 2025 को नगर की गौरवपूर्ण उपलब्धि में एक अध्याय और तब जुड गया जब यह संदेश आया कि नगर के सपूत डॉ राजकुमार आचार्य को पुनः कुलगुरू (कुलपति) पद से सुशोभित किया गया है। उन्हें जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर मध्यप्रदेश का कुलगुरू नियुक्त किया गया है। चंद रोज पहले ही डॉ राजकुमार आचार्य अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का अपना कुलपति का सफल कार्यकाल करके अपने मूल विभाग महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लौटे थे। यह पहला अवसर है जब जिले में कुलपति जैसा गौरवपूर्ण पद किसी को प्राप्त किया हो। डा आचार्य को यह दूसरा अवसर मिला है। महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली जिला. नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ राजकुमार आचार्य को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर का कुलकुरू नियुक्त किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह नियुक्ति मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 की उप धारा 1 में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत की है।



2018 में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली के प्राचार्य डॉ. राजकुमार आचार्य को म.प्र. के महामहिम राज्यपाल के आदेश से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डीन पद पर मप्र विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत कुलाधिपति द्वारा नियुक्ति किया। इसके पूर्व डॉ. यूसी विष्वकर्मा को यह उपलब्धि मिली थी। श्रीआचार्य को यह गौरव उनकी योग्यताए वरिष्ठता एवं प्रषासनिक अनुभव के आधार पर प्रदान किया गया है।

## चीचली में रोजाना लग रहे हैं लाखों के दांव

**अनिल गुप्ता**

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नए पुलिस अधीक्षक की स्थापना के बाद क्षेत्र में जुए सट्टे जैसे कारोबार अवैध कारोबार तेजी से बढ़ गए हैं, जबकि पूर्व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के समय अवैध कारोबारी पर कठोर कार्यवाही की जाती थी जिसके कारण काफी हद तक ऐसे कारोबारी पर अंकुश लगा था।

उल्लेखनीय है की गाडरवारा के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तथा नगर परिषद चीचली एवं सालीचौका में जुएं सट्टे का कारोबार जोरों पर है। हर गांव मोहल्ले में रोजाना नए खाईवाजों के तादात में इजाफा हो रहा है,अपराधों को रोकने वाले पुलिस के हथकंडे फेल होने से सट्टाबाजों क हौसले बुलंद है। आलम ये है की इसके चंगुल में सबसे ज्यादा युवाओं का भविष्य तबाह हो रहे है और सट्टेबाज इस कारोबार से लाखों कमा रहे है।

### पुलिस प्रशासन ने आंखें मूंदीं

चीचली में चल रहे अवैध जुआ सट्टा कारोबार की बात कि जाए तो सूखाखैरी तथा सालीचौका के खाईबाज सटोरिया चीचली जाकर सट्टे का कारोबार संचालित कर रहे हैं। सट्टा चीचली के आसपास नासूर की तरह फैल चुका है। ये अवैध कारोबार चीचली सहित कई इलाके में बेधडक संचालित है और स्थानीय पुलिस इस कारोबार से बेखबर है या सट्टेबाज को संरक्षण दे रही है ये सवालिया निशान है।

गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले चीचली ग्राम में वार्ड क्रमांक 10 खिरका मोहल्ला, मुख्य बाजार, नए बस स्टैंड थाने के पास, वही सालीचौका मे बाजार मोहल्ला, बस स्टैड,पोंडर तिग्गडा,रेलवे स्टेशन क्षेत्र सहित अनेक इलाके में चल रहे सट्टा कारोबार की बात की जाए तो इस कारोबार में रोजाना लाखों के दाव खाईवाज घर बैठे मोबाईल से संचालित कर रहे हैं और सट्टे में हार जीत का दांव लगाने वाले अपनी गाढ़ी कमाई इस खेल में गंवाकर बर्बाद हो रहे हैं। सट्टा का कारोबार कैसे बेधड़क संचालित हो रहा है और रोकने वालों द्वारा, छोटे- मोटे सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई कर अपनी डायरी को मेंटेन किया जा रहा है। जुआ सट्टा के कारोबार में इजाफा हो रहा है और सट्टेबाजों को इसका भरपूर मुनाफ़ा मिल रहा है।

**कानून की पहुँच से दूर हाईटेक खाईवाज** - जैसे जैसे पुलिस आधुनिक हो रही है, वैसे-वैसे इस अवैध कारोबार से जुड़े खाईवाज और सटोरिये भी हाईटेक हो चुके है अब सट्टे का कारोबार कागज- कमल की जगह मोबाईल और एप्लीकेशन से संचालित होने लगे हैं।

**सामजिक बुराई पर विपक्ष खामोश**- प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी तब महादेव 卐सट्टा एप卐 को लेकर भाजपा ने जमकर मौजूदा सरकार पर हमला किया था लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद आज जब भाजपा राज में सट्टे का कारोबार जोरों पर है तो विपक्ष पुरी तरह से इस सामजिक बुराई पर किसी भी तरह का विरोध दर्ज नहीं करा पा रही है अब सवाल सीधा है इस अवैध कारोबार पर कैसे लगाम लग पायेगी।

## 40 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**करकबेल, देशबन्धु।** ठेमा थानांतर्गत बड़गुवा फैक्टरी के पास पुलिस दो युवकों को 40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। स्मैक की कीमत चार लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से बुधवार को सूचना मिली कि बड़गुवा फैक्टरी के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे है। थाना ठेमी पुलिस ने स्टाफ के साथ दबिश देकर दो युवकों की तलाशी ली तो उनके पास रखे काले बैग में 40 ग्राम स्मैक पाई गई। पूछताछ में युवकों ने अपना अजय उर्फ अज्जू लोधी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम नयागांव थाना ठेमी और लाखन सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रहली थाना गोटेगांव बताया। स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है।

इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजेश तिवारी, प्रआर अवधेश पटेल, प्रआर कुलदीप सिंह, आकर आर 176 चन्द्रप्रताप पटेल आर 571 विजय वासुकी, आर 178 आशीष सिलावट का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



## लेदर बॉल प्रतियोगिता में नरसिंहपुर विजेता व उपविजेता बना आमगांव छोटा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम कामती में वीरांगना रानीबाई अवंती क्रिकेट स्टेडियम में मणी नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा 19 जनवरी से लेकर 17 फरवरी तक लेदर बाल प्रतियोगिता काआयोजन किया गया जिसमें जिले की अनेकों क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। मैच के फाइनल में नरसिंहपुर एवं आमगांव छोटा के बीच मैच खेला गया जिसमें नरसिंहपुर टीम विजेता तथा आमगांव छोटा टीम को उप विजेता बनी। मैच के समापन के दिन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक,पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष साईखेड़ा छत्रपाल सिंह बुटयाबट,जिनेश जैन, प्रांजल जैन कीउपस्थिति में विजेता नरसिंहपुर टीम को 51हजार रुपया, शील्ड एवं उपविजेता टीम आमगांव छोटा 31 हजार एवं शील्ड प्रदान की गयी।

## बेटी जीने का आधार, उसको न समझो तुम भार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम खपड़ी खमरिया, अंडिया में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, आशा कार्यकर्त्ता एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया।



इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य इंद्रकुमार गिरी, रंजीता कौरव द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया कि बेटी है तो कल है, बेटी है जीने का आधार तुम मत समझो इनको भार। शिविर का मुख्य उद्देश्य बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना तथा उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचना, और समाज में उनके प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

बाल संरक्षण विषय पर जेजे एक्ट, पॉस्को एक्ट से परिचय कराते हुए अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया गया। वहीं गांव में या आसपास होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए भी प्रेरित किया गया। अगर कहीं बाल विवाह हो रहा है तो आप इसकी जानकारी पुलिस, महिला बाल विकास विभाग को दूरभाष पर दे सकते है। वही आज 20 फरवरी को ग्राम झामर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास नरसिंहपुर में नालसा (बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन 19 फरवरी को आयोजित किया गया।



शिविर में पंचम जिला न्यायाधीश वैभव सक्सेना द्वारा अपने उद्बोधन में भारत की न्याय प्रणाली के बारे में, मोटरयान अधिनियम, यातायात नियम, ट्रोल फ्री न. 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उद्देश्यो, बाल संरक्षण कानून के साथ ही अन्य कानूनी जानकारी प्रदान की। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य जी.एस.पटैल के साथ शिाक्षकगण, वार्डन पंकज उमरे,पैरालीगल वॉलेन्टियर गोपाल व्यौहार सहित छात्रगण उपस्थित रहे।

## प्रथम समाधि दिवस पर कार्यक्रम



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महान तपस्वी 108 विद्यासागर महाराज जी के प्रथम संल्लेखना समाधिमरण दिवस पर कंदेली एवं नरसिंहपुर स्थित जैन मंदिरों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंदिर जी में आचार्य श्री की पूजन एवं अर्घ चढाकर महिला मंडल ने छत्तीसी विधान भक्ति भाव से कर इस भवसागर से पार होने की भावना भायी।

जिले के छात्रो के संपूर्ण विकास के लिए पूर्णायू संस्थान द्वारा पूर्ण शुद्ध ,सात्तिवक रूप से निर्मित पोषण आहार के पैकेटो को योजनाबद्ध तरीके से अलग अलग टीम के रूप मे दूर अनेको गांवो मे स्थित स्कूलो स्कूलो जाकर वितरण किया गया। गरीब बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों के उपयोगी वस्त्र वितरित किए गए। इसी श्रृंखला में शाम 4 बजे शासकीय चिकित्सालय में जिस उद्देश्य को लेकर पूर्ण आयु चिकित्सालय का निर्माण कराया गया इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर गुरु उपकार स्वरूप चिकित्सालय मे बनी क्षयरोग ,कुष्टरोग एवं कुपोषित बच्चों को औषधि का वितरण एवं फल वितरण का कार्यक्रम अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन समय सिंधु महिला परिषद नरसिंहपुर द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख भूमिका महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रजंना नायक के एवं सचिव श्रीमती साधना जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना जैन जिसमें विशेष सहयोग श्रीमती संगीता जैन एवं परसपरिषद की सभी बहनों का सराहनीय योगदान रहा। मंदिर जी रात्रि 7बजे आरती के पश्चात इंडिया नहीं भारत बोलो नाटिका मंचन किया गया। उपरांत आचार्य श्री जी की जीवन चर्या पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं ओर बच्चों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सांगई की माध्यमिक शाला में विदाई कार्यक्रम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे विदाई समारोह आयोजित कर 8 वी के छात्र छात्राओं को विदाई दी गईं। शाला के शिक्षकों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन से शुरू किये गए कार्यक्रम मे 6 वी एवं 7 वी के बच्चों ने मिलकर 8 वी के छात्र छात्राओ को टाईटल एवं उपहार देकर विदाई दी।



कार्यक्रम मे 8 वी के छात्र छात्राओ ने राम दरबार एवं माँ सरस्वती का चित्र शाला को भेंट किया। शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को दप्ति व लेखन सामग्री एवं वर्षभर विभिन्न गतिविधियों मे प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को ट्राफी प्रदान भेंट की एवं कहा कि वार्षिक परीक्षा की बेहतर ढंग से तैयारी करें। कार्यक्रम मे प्रधानपाठक दशरथ जाटव एवं प्राथमिक शिक्षक विवेक नायक ने कहा कि 8 वी के छात्र छात्राएं परीक्षा मे अच्छे अंकों से सफलता हासिल करें।

कार्यक्रम मे बच्चों ने गीत प्रस्तुत किये एवं अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लक्ष्मी केवट एवं अंकिता धानक ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, अतिथि शिक्षक रानू यादव, अक्षर साथी नेतराम केवट एवं फूलवती केवट सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883